2762
27 AUG 2024

# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल
## मंडल सर्वसाधारण चुनाव 2025

1. सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि, आज दिनांक 27/08/2024 से मंडल के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो रही है। दिनांक 23/08/2024 को संपन्न हुई कार्यकारिणी की सभा में लिए गए निर्णयानुसार मा.डॉ.श्री.जयंत कुलकर्णी, राहुरी,जि.अहमदनगर को चुनाव अधिकारी तथा प्रा.विश्वास जाधव, रजिस्ट्रार को चुनाव संचालक के रूप में नियुक्त किया गया है। मंडल का चुनाव संविधान के अनुसार पोस्टल बॅलट (Postal Ballot) द्वारा संपन्न किया जाएगा।
2. संविधान में चुनाव संबंधी उल्लेखित नियमों के अनुसार कार्यकारिणी द्वारा चुनाव कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार नियुक्त चुनाव अधिकारी तथा चुनाव संचालक द्वारा आज दि. 27/08/2024 से कार्यान्वित किया जा रहा है।
3. चुनाव प्रक्रिया घोषित होने के तीन माह पूर्व (दिनांक 27/05/2024) जो व्यक्ती मंडल का सदस्य रहा है, ऐसे सदस्य के नाम, मतदाता सूचि में शामिल किए गए है, तथा केवल उन्हें चुनाव में मतदान करने का अधिकार रहेगा।
4. चुनाव की समयसारिणी, नामांकन पत्र तथा चुनावसंबंधी सूचनाएँ सितंबर 2024 के **"संगीत कला विहार"** अंक में प्रकाशित की जाएगी। यह अंक सभी सदस्यों को दि. 05 सितंबर 2024 को डाकद्वारा भेजा जा रहा है।

**प्रकाशन:** दि. 27 अगस्त 2024

भवदीय,
बालासाहेब सूर्यवंशी
अध्यक्ष
अ.भा.गां.म.वि. मंडल

# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल

रजिस्ट्रार कार्यालय: "गांधर्व निकेतन", प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी, नवी मुंबई 400703

## चुनाव 2025

## -: सूचना :-

**1)** मंडल का चुनाव संविधान के अनुसार पोस्टल बॅलट (Postal Ballot) से सम्पन्न होगा। मंडल द्वारा चुनाव की पूरी प्रक्रिया मंडल के संविधान मे सर्वसाधारण सभा (दि. 24/03/2024) और (दि. 7/04/2024) द्वारा पारित किये गए सभी सुधारों के अनुसार चुनाव अधिकारी एवंम् चुनाव संचालक द्वारा सम्पन्न की जाएगी।

- चुनाव अधिकारी - मा.डॉ.श्री. जयंत कुलकर्णी, C/o. गांधर्व निकेतन, प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी, नवी मुंबई 400703.
- चुनाव संचालक - प्रा.विश्वास जाधव, C/o. गांधर्व निकेतन, प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी, नवी मुंबई 400703.

**2)** चुनाव में कुल 14 (चौदह) सदस्य चुने जाएँगे।

**3)** चुनाव में सहभाग लेने के लिये उम्मीदवार की आवश्यक पात्रता संविधान के क्लॉज **III (A) 3 (Eligibility to contest election)** के अंतर्गत निम्नानुसार आवश्यक रहेगी।

- Any member possessing Degree/Diploma (Visharad and above qualification) in Music awarded by the Mandal or by the recognized University and who has completed six years continuous membership on the date of declaration of election by the Executive Committee shall be eligible to contest the election. Provided however that no member shall be eligible for election to the Council if:
    i. He or she is an office bearer or employee in a non-statutory body teaching Indian Music, which is affiliated to a non-statutory body other than the Mandal.
    ii. He or she conducts an institution teaching Indian Music which is affiliated to a non-statutory body other than the Mandal.
    iii. He/She is engaged in any parallel independent activities of objectives of the Mandal.
    iv. He/She is an employee of Mandal's service.

**4)** नामांकन पत्र का नमूना इसी अंक में इन सूचनाओं के साथ प्रकाशित किया गया हैं | नामांकन पत्र का यही प्रकाशित नमूना ठीक तरहसे भरकर उम्मीदवार द्वारा प्रयोग में लाया जा सकता हैं |

**5)** प्रस्तावक तथा अनुमोदक यह दोनो मंडल के अलग अलग सदस्य होना आवश्यक है।

**6)** उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र पूर्ण रुपसे भरकर (आवश्यक प्रमाणपत्र की सत्य प्रतियों के साथ) **"Akhil Bharatiya Gandharva Mahavidyalaya Mandal"** (Payable at Vashi) के नाम से रु. 3000/- (रु. 2000/- अनामत के रुपमें तथा रु. 1000/- अप्रत्यार्पणीय (Non-refundable) बैंक डिमांड ड्राफ्ट के साथ लिफाफे में रखकर केवल रजिस्टर्ड ए. डी. डाक द्वारा दिनांक 11 नवंबर 2024 ( सायं 4.00 बजे ) के पूर्व वाशी कार्यालय के पतेपर पहुँचना आवश्यक है। इस तिथि के पश्चात प्राप्त या अपूर्ण रुपसे भरे, या आवश्यक अर्हता न होने के कारण भरे गये आवेदन पत्र अस्वीकृत किये जाएँगे।

**7)** दि. 13 नवंबर 2024 को नामांकन पत्रों की वैधता जाँच की जाएगी।

**8)** दि. 14 नवंबर 2024 उम्मेदवारों की अंतिम सूचि प्रकाशित की जाएगी | (वेबसाइट द्वारा)

**9)** नाम वापस लेने की अंतिम तिथि दि. 22 नवंबर 2024 रहेगी। नाम वापस लेने की लिखित सूचना वाशी कार्यालय में दि. 22 नवंबर 2024 को दोपहर ठीक 3 के पूर्व प्राप्त होना आवश्यक है।

**10)** जिन उम्मीदवारों ने विहित तिथि के पूर्व अपने नाम वापस लिये है, या जिन उम्मीदवारों के नामांकन अवैध ठहराये गये है, ऐसे उम्मीदवारों की अनामत रक्कम रु. 2000/ उनके मतदाता सूची में लिखे हुए पतेपर डी. डी./बैंक चेक द्वारा वापस भेजी जाएगी।

**11)** चुनाव के लिये मान्यता प्राप्त उम्मीदवारों के नाम की मतपत्रिका मंडल के मतदाताओं को मतदाता सूची में लिखे हुए पतेपर दि. 20 दिसम्बर 2024 को डाक द्वारा रवाना की जाएगी।

**12)** सभी मतदाता को मतपत्रिका पर लिखे हुए सूचना के अनुसार अपने मताधिकार का उपयोग करके, उन्हें संलग्न लिफाफे में डालकर डाक द्वारा वाशी कार्यालय को भेजना होगा। यह मतपत्रिका वाशी कार्यालय में दि. 3 फरवरी 2025 को शाम ठीक 5.30 बजे तक या उसके पूर्व पहुँचना आवश्यक है। समयपर मतपत्रिका वाशी कार्यालय में पहुँचाने की जिम्मेदारी मतदाता की रहेगी।

**13)** वाशी कार्यालय में चुनाव अधिकारी तथा चुनाव संचालक और स्वयं

उम्मीदवारों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में (अगर वे उपस्थित रहे हो तो) मतगणना दि. 9 फरवरी 2025 के दिन प्रातः ठीक 8 बजे से शुरू होगी और मतगणना का काम उसी दिन अखंडित रुपसे जारी रहेगा । मतगणना पूरी होने के बाद उसी दिन नियोजित विशेष सर्वसाधारण सभा में अध्यक्ष महोदय द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किये जायेंगे ।

**14)** कुल मतदान संख्या के 1/8 (एक अष्टमांश) से कम मत प्राप्त करनेवाले उम्मीदवारों की अनामत रक्कम रु. 2000/- (रु. दो हजार) जप्त होगी ।

**15)** चुनाव के घोषित परिणाम मंडल के वेबसाइटपर एवं 5 मार्च 2025 में प्रकाशित होनेवाले "संगीत कला विहार" मासिक पत्रिका में प्रकाशित किये जायेंगे ।

**16)** चुनाव संबंध में चुनाव अधिकारी का निर्णय सभीपर अंतिमतः बंधनकारक रहेगा ।

**प्रा. विश्वास जाधव**
**चुनाव संचालक**

**डॉ. जयंत कुलकर्णी**
**चुनाव अधिकारी**

**C/o. अ. भा. गां. म. वि. मंडल**
**गांधर्व निकेतन, प्लॉट नं. 5, सेक्टर 9/ए,**
**वाशी, नवी मुंबई 400703.**

**दि.** 27 अगस्त 2024 **स्थान:-** वाशी, नवी मुंबई

\

## अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल के चुनाव (2025) की समयसारणी

| क्रमांक | घटना | तारीख | दिन |
|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची प्रकाशित करने की तिथि | 26/8/2024 | सोमवार |
| 2 | सूची में कोई शिकायत हो तो उसे स्वीकृति की अंतिम तिथी | 12/09/2024 | गुरुवार |
| 3 | शिकायतों पर निर्णय की अंतिम तिथि | 19/09/2024 | गुरुवार |
| 4 | अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की तिथि | 23/09/2024 | सोमवार |
| 5 | नामांकन आवेदन प्रपत्र प्रकाशित करने की तिथि (संगीत कला विहार / वेबसाइट ) | 05/09/2024 | गुरुवार |
| 6 | नामांकन पत्र स्वीकृति की अंतिम तिथि | 11/11/2024 | सोमवार |
| 7 | नामांकन पत्रों की जाँच करने की तिथि | 13/11/2024 | बुधवार |
| 8 | उम्मेदवारों की अंतिम सूचि प्रकाशित करना (वेबसाइट द्वारा) | 14/11/2024 | गुरुवार |
| 9 | नाम वापस लेने की अंतिम तिथि | 22/11/2024 | शुक्रवार |
| 10 | उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित करने की तिथि (संगीत कला विहार / वेबसाइट) | 5/12/2024 | गुरुवार |
| 11 | मतपत्रिका कार्यालय से रवाना करने की तिथि | 20/12/2024 | शुक्रवार |
| 12 | मतपत्रिका स्वीकृति की अंतिम तिथि (शाम 5:30 तक) | 03/02/2025 | सोमवार |
| 13 | मतगणना तथा परिणाम घोषित करने की तिथि (वेबसाइट) | 09/02/2025 | रविवार |
| 14 | नवनिर्वाचित प्रबंध परिषद की पहली सभा | 23/02/2025 | रविवार |
| 15 | चुनाव परिणाम तथा नए पदाधिकारियों के नाम प्रकाशित करने की तिथि (संगीत कला विहार / वेबसाइट ) | 05/03/2025 | शुक्रवार |

**अध्यक्ष**

**अ.भा.गां.म.वि.मंडल.मुंबई**

## महत्वपूर्ण सूचना :

**क्र. 1** और **4** संबंधी-जिन सदस्यों को यह मतदाता सूची व्यक्तिगत रुप से आवश्यक है, वे वाशी कार्यालय को लिखित रुप में अपना सदस्यता क्रमांक, पूरा नाम तथा पता सहित सूचित करें । उनके द्वारा मतदाता सूची का उचित मूल्य (रु. 500/-) वाशी कार्यालय में भरने पर उनके दिए हुए पतेपर कार्यालय द्वारा रजि. डाक से यह सूची भेज दी जाएगी ।

**क्र. 5** नामांकन पत्र में नामांकन पत्र भरनेवाले व्यक्ति का पूरा पता के साथ-साथ उसका ई-मेल आय.डी., फोन/मोबाईल नं. का समावेश होना आवश्यक है ।

**क्र. 6** अनामत रक्कम रु. 3000/- (रु. तीन हजार मात्र) होगी तथा नामांकन वापस लेनेवाले उम्मीदवार को रु. 2000/- (रू.दो हजार मात्र) लौटाये जायेंगे ।

आज दि. 27 अगस्त 2024 से यह समयसारणी कार्यान्वित हो रही है ।

**प्रेषक**

**प्रा. विश्वास जाधव**
**चुनाव संचालक**

**डॉ. जयंत कुलकर्णी**
**चुनाव अधिकारी**

अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल
रजिस्ट्रार कार्यालय : 'गांधर्व निकेतन', प्लॉट न. 5, सेक्टर 9/ए, वाशी,
नवी मुंबई – 400703

## चुनाव–2025

## -: नामांकन प्रपत्र नमूना :-

**प्रति,**
**चुनाव अधिकारी,**
**अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल,**
**"गांधर्व निकेतन" वाशी,**
**नवी मुंबई – 400703.**

| उम्मीदवार का हाल का पासपोर्ट साईज फोटो और |
|---|

**महोदय,**

मैं, ................................................................. मंडल की प्रबंध परिषद के लिये डाक मतपत्रिका द्वारा सम्पन्न हो रहे चुनाव के लिये आपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहा/रही हूँ। नियमानुसार मेरा नामांकन पत्र प्रस्तावित एवं अनुमोदित रूप में दाखिल हो रहा है। अनामत रकम रु. 3000/- का बैंक डिमांड ड्राफ्ट **"अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल"** के नाम से संलग्न किया है | (बैंक डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक......................बैंक.........................शहर/गांव....................................दिनांक........................)

मैं, घोषित करता/करती हूँ कि, उम्मीदवार के नाते चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिये मैं पूरी तरह से मंडल के अधिनियमों के और औचित्य के नियमों के अनुसार पूरी तरहसे पात्र (Eligible) तथा सक्षम हूँ | सर्वसाधारण सभा में दि. 24 मई 2019 को पारित सुधार (क्लॉज **III (A)) - 3 Eligibility to Contest election**) के अनुसार पात्रता के लिये आवश्यक सभी प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियाँ साथ में संलग्न कि हैं |

मैं, घोषित करता/करती हूँ कि, नामांकन पत्र में और मेरे घोषणा पत्र में दी हुई सभी जानकारी पूरी तरहसे सत्य है | नामांकन पत्र के साथ उम्मीदवार, प्रस्तावक और अनुमोदक के अधिकृत पहचान पत्र (Identity Proof – Passport, Aadhar Card, Election Card) की फोटो (Zerox Copy) साथ में संलग्न किए है |

**स्थान :-** **भवदीय**

**दिनांक :-** **(स्वाक्षरी)**

| उम्मीदवार का विवरण | |
|---|---|
| पूरा नाम: | |
| हस्ताक्षर: | |
| अंतिम मतदाता सूची के अनुसार सदस्यता क्रमांक: | |
| पता: | ………………………………………………………………………<br>……………………………………………………………………… |
| फोन/मोबाइल नंबर: | |
| ई-मेल आईडी: | |
| प्रस्तावक का विवरण | |
| पूरा नाम: | |
| हस्ताक्षर: | |
| पता: | ………………………………………………………………………<br>……………………………………………………………………… |
| फोन/मोबाइल नंबर: | |
| ई-मेल आईडी: | |
| मतदाता सूची के अनुसार प्रस्तावक का सदस्यता क्रमांक: | |
| अनुमोदक का विवरण | |
| पूरा नाम: | |
| हस्ताक्षर: | |
| पता: | ………………………………………………………………………<br>……………………………………………………………………… |
| फोन/मोबाइल नंबर: | |
| ई-मेल आईडी: | |
| मतदाता सूची के अनुसार अनुमोदक का सदस्यता क्रमांक: | |